मूल्य - 5 रु.

सेवा प्रगति रिपोर्ट विशेषांक वर्ष 2016-17

बुजुर्गों के लिए...

# तारांशु

मासिक
मई - 2017
वर्ष 5, अंक 8, पृ.सं. 20



# सच होंगे सपने

## तारा संस्थान, उदयपुर की साल-दर-साल सेवा प्रगति

# आनन्द वृद्धाश्रम के नवीन परिसर का निर्माण कार्य तेजी से अग्रसर



## आनन्द वृद्धाश्रम नवीन परिसर के निर्माण में योगदान हेतु दान योजना



आनन्द वृद्धाश्रम में वर्तमान में 45 बेड हैं और प्रतिमाह 2 के औसत से जानकारी मांगी जाती है जो वृद्धाश्रम में रहना चाहते हैं। जगह खाली नहीं होने की वजह से भविष्य में किसी भी बुजुर्ग को निराश नहीं लौटाना पड़े इस विचार के साथ तारा संस्थान ने बैंक लोन लेकर 7000 वर्ग फीट भूमि खरीदी। इस भूमि हेतु हमारे दानदाताओं ने मुक्तहस्त सहयोग किया। आशा है अब नवीन परिसर निर्माण हेतु भी आप समस्त भामाशाह उसी प्रकार खुले दिल से सहयोग करेंगे।

भवन निर्माण सौजन्य राशि :

| भवन निर्माण ''दधिचि'' | भवन निर्माण ''कर्ण'' | भवन निर्माण ''भामाशाह'' |
|---|---|---|
| रु. 1,00,000/- | रु. 51,000/- | रु. 21,000/- |



विश्वास करना एक गुण है, अविश्वास दुर्बलता की जननी है।

आशीर्वाद
डॉ. कैलाश 'मानव'
संस्थापक एवं प्रबन्ध न्यासी,
नारायण सेवा संस्थान (ट्रस्ट), उदयपुर

आभार
श्री एन.पी. भार्गव
मुख्य संरक्षक, तारा संस्थान,
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

श्रीमती शमा - श्री रमेश सचदेवा
संरक्षक,
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

श्री सत्यभूषण जैन
संरक्षक,
प्रमुख समाजसेवी, दिल्ली

श्री अनिल गुप्ता (ISKCON)
संरक्षक,
उद्योगपति एवं समाजसेवी, दिल्ली

प्रकाशक एवं सम्पादक
कल्पना गोयल

दिग्दर्शक
दीपेश मित्तल

कार्यकारी सम्पादक
तख़्त सिंह राव

ले-आउट व ग्राफिक डिजाइनर
गौरव अग्रवाल

# अनुक्रमणिका

**विषय** — **पृष्ठ संख्या**

आनन्द वृद्धाश्रम के नवीन परिसर का निर्माण/ योगदान हेतु दान योजना........................02
अनुक्रमणिका........................03
एक पाठशाला मस्ती की........................04
नये वित्तीय वर्ष की शुरूआत.... सावधानी दान में........................05
अप्रैल 16 : एक शानदार फैशन शो! / तारा संस्थान की सेवाएँ त्वरित........................06
जून 16 : तारा संस्थान के कार्यकाल के 5 रोशन वर्ष........................07
जुलाई 16 : ''मस्ती की पाठशाला'' / तारा नेत्रालय, फरीदाबाद में........................08
अक्टूबर 16 : नवीन परिसर हेतु भूमि पूजन / दान दाताओं की सूची / नए मेहमान ........09
नवम्बर 16 : 15000 मोतियाबिन्द ऑपरेशन / आनन्द वृद्धाश्रम, इलाहाबाद........................10
दिसम्बर 16 : विशिष्ट अतिथियों का आगमन / श्री भार्गव सा. शि.भा.प.स्कूल में..........11
फरवरी 17 : आ.वृ. का 5 वां स्थापना दिवस / 5000 मोतियाबिन्द ऑपरेशन, मुम्बई ......12
मार्च 17 : श्री रमेश सचदेवा तारा संस्थान में / रोटरी क्लब द्वारा 4 विद्यार्थियों के खर्च/
जन्मजात मोतियाबिन्द ग्रसित बालक का सफल ऑपरेशन ........................13
मासिक अपडेट्स : मोतियाबिन्द जाँच शिविर ........................14-15
स्वागत........................16
धन्यवाद........................17-18
सम्पर्क सूत्र - तारा संस्थान........................19

आशीर्वाद - डॉ. कैलाश 'मानव', संस्थापक - नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर



श्रीमती कल्पना गोयल (बाएं) अपने पूज्य पिता डॉ. कैलाश "मानव" की सन्निधि में
साथ में संस्थान सचिव श्री दीपेश मित्तल (दाएं)

'तारांशु' - स्वत्वाधिकारी, श्रीमती कल्पना गोयल द्वारा 240-ए, हिरण मगरी, सेक्टर - 6, उदयपुर (राज.) 313002 से प्रकाशित तथा मुद्रक श्री सत्यप्रकाश कुमार शर्मा द्वारा सागर ऑफसेट प्रिन्टर, इण्डिया प्रा. लि. प्लॉट नं. 518, इकोटेच - III, उद्योग केन्द्र एक्टेंशन - II, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) में मुद्रित, सम्पादक - श्रीमती कल्पना गोयल



# एक पाठशाला मस्ती की

आज से कुछ एक–डेढ़ साल पहले कुछ बच्चों को सड़क पर कचरा बीनते देखा तो मन में आया कि ये बच्चे स्कूल क्यों नहीं जाते। सोचा कि इनको तारा संस्थान के शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल में दाखिल करता दे। इस विचार को अंजाम देने के लिए शिखर भार्गव स्कूल की टीचर्स और प्रिंसिपल से बात हुई तो समझ आया कि ये बच्चे उस स्कूल में एडजस्ट नहीं कर पाएंगी क्योंकि अंग्रेजी माध्यम है, तो उनके लिए शाम को कुछ पढ़ाने की व्यवस्था करने की सोची। मेरे पापा डॉ. कैलाश 'मानव' कहते है कि कोई भी काम करो, उसे एक नाम दे दे तो उस काम की नाम से पहचान बन जाती है तो इस योजना का नाम भी सोचा ''मस्ती भरी पाठशाला'' जी हाँ, जहाँ बच्चे पढ़ाई को बोझ न समझे और खेल खेल में पढ़ लें। दो अध्यापिकाएँ नियुक्त की जो उन्हें पढ़ाती। अब समस्या ये थी कि स्थान कहाँ हो जहाँ उन्हें पढ़ाऐं तो तारा नेत्रालय, उदयपुर की ओ.पी.डी. शाम में 4 बजे बाद खाली हो जाती है उसके लिए सोचा। पाठशाला शुरू हुई ऐसे बच्चे पढ़ने क्यों आएँगे ये, एक बड़ा प्रश्न था और उस से भी बड़ा प्रश्न ये था कि उनके माता पिता अपने बच्चों को पढ़ने क्यों भेजेंगे जबकि बच्चे 10–20 रु. कचरा बीन कर कमा रहे हों। तो उपाय ये किया कि हर बच्चे को 10 रु. रोज देने का सोचा और साथ में उनके लिए हर दिन नाश्ता भी बनवाया। तो ऐसे शुरू हुई ''मस्ती भरी पाठशाला''.... तारा संस्थान की बस बच्चों को लेने जाती, बच्चे आते। तारा नेत्रालय की खाली ओ.पी.डी. बच्चों के शोर और हंगामे से गूंजने लगी। थोड़े समय इस तरह से चला तो कुछ Practical परेशानियाँ आने लगी। कभी कभी बस कैम्पों में होती और बच्चों को घर से दूर लाना और ले जाना थोड़ा मुश्किल था और साथ ही आने जाने में काफी समय लगने लगा। साथ ही ये सारी प्रक्रिया बेहद खर्चीली भी थी। एक समय तो ऐसा आया कि लगने लगा कि मस्ती भरी पाठशाला बंद कर दें। लेकिन कहते हैं न कि सच्चे मन से कोई काम शुरू करो तो ईश्वर जरूर साथ देता है। दीपेश जी ने एक राय दी कि इसे इन बच्चों के घर के पास की कमरा किराये पर लेकर चलाए। विचार बढ़िया था सो अमल में आया गया और मस्ती भरी पाठशाला जीवित रह गई। यकीन मानिए इन छोटे बच्चों को लेकर कुछ करने की मन में बहुत इच्छा थी और ईश्वर हमारा साथ दे रहा था। अभी थोड़े दिन पहले इन सभी बच्चों को तारा संस्थान बुलाया ताकि इनसे बातचीत करें। बच्चे बहुत ही प्रतिभावान हैं जरूरत है तो बस उन्हें एक दिशा देने की। इन बच्चों में 35–40 बच्चियाँ ऐसी हैं जिन्होंने कभी स्कूल नहीं देखा और इनमें कुछ तो 10–12 साल की हैं तो उसी दिन सोचा कि इन्हें स्कूल से भी जोड़ना है क्योंकि केवल अक्षर ज्ञान से इनका जीवन नहीं संवर सकता हैं इन्हें स्कूल से जोड़ना ही होगा। शिखर भार्गव स्कूल की प्रिंसिपल मैडम से बात हुई और ये तय किय कि इन बच्चियों को 2017–18 के सत्र में शिखर भार्गव स्कूल का पाठ्यक्रम जो एल.के.जी. का है वो पठाया जाए। वैसे ही बस्ता किताबें सब दी जाएगी और ''मस्ती भरी पाठशाला'' अब इन बच्चियों के लिए सुबह दो घंटे भी चलेगी। हम हमेशा कहते हैं और अच्छी तरह जानते भी हैं कि आप और हम मिलकर सबकुछ नहीं बदल सकते हैं, लेकिन ये पक्का है कि प्रयास करेंगे तो कुछ तो बदलेगा ही सो एक छोटा सा प्रयास कर रहे हैं....। यह योजना प्रारंभ हुई तो ईश्वर ने चलाने का साधन भी भेज दिया। हमारे सूरत के एक दानदाता **श्री अरविन्द जी नांगलिया ( एम्पयार टैक्नोकेम प्रा.लि., सूरत )** ने इस योजना के लिए मुख्य सहयोग दिया और आगे भी देते रहेंगे। और लोग भी इससे जुड़ते रहे हैं और आगे भी जुड़ेंगे। अमूमन कोई काम शुरू होता है तो उसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनती है कि इसमें पार्टनर्स कितना पैसा लगाएँगें और बाकी की फंडिग कहाँ से होगी लेकिन कितना बड़ा चमत्कार है कि हम कोई काम बिना फण्ड प्लानिंग के शुरू कर देते है और इसमें हमारे पार्टनर भी आप हैं और बैंक भी.... हमारे पार्टनर तो कोई मुनाफा भी नहीं लेते और न ही हमारे बैंक ब्याज या मूल लेते हैं। इतना बड़ा आश्चर्य सिर्फ दिल वालों की दुनिया में ही होता है।

आदर सहित....

**कल्पना गोयल**



**आँख के बदले में आँख पूरे विश्व को अँधा बना देगी।**

Tara बुजुर्गों के लिए...

# नये वित्तीय वर्ष की शुरुआत.... सावधानी दान में....



वर्ष 2016–17 देश दुनिया के लिए उतार चढ़ाव वाला रहा, यूँ तो सभी जीवन में उतार चढ़ाव देखते हैं पर काम के हिसाब से देखें तो तारा संस्थान में इस वर्ष पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत अधिक ऑपरेशन हुए जो कि बड़ी बात है और भी योजनाओं में यथा सामर्थ्य कार्यवृद्धी हुई है। ये आप सबका प्रेम है कि इतना सब हो पा रहा है हम सदैव आपके ऋणी रहेंगे आप सबका प्यार पाकर। और नया वित्तीय वर्ष अप्रैल, 2016 से शुरू हुआ, नोटबंदी से जो आप सब पर थोड़ा समय प्रभाव पड़ा उसके बावजूद आपने हमारा साथ दिया जिसके कारण हम निरंतर बिना रुकावट कार्य करते रहे इस आभार के लिए शब्द नहीं है हमारे पास। इस वर्ष भी तमाम उतार चढ़ाव के बाद भी आपका साथ बना रहेगा यही विश्वास है हमारा।

अब एक छोटी सी बात सावधानी की कर लें अभी कुछ लोगों ने हमें फोन कर बताया कि कुछ लोग ''नारायण सेवा'' या ''तारा'' का नाम लेकर किसी और संस्थान की रसीद काट देते है। उदयपुर में ही एक प्राइवेट आँखों का अस्पताल ''मानव'' नाम अपनी संस्था में जोड़कर डोनेशन के लिए फोन कर रहा है। हमारा यह मानना है कि कोई भी अच्छा कार्य करें उसे दान लेने का हक है भले ही वो डॉ. कैलाश 'मानव' से जुड़ा हो या ना हो लेकिन इस तरह का कोई भी संस्थान आपसे बात करें तो आप काम कर रहे हैं या नहीं उसकी तसल्ली जरूर कर लें। तारा संस्थान में भी आप जो दान देते हैं उसकी प्राप्ति का मैसेज या फोन आपको किया जाता है और यदि आप गुप्तदान देते हैं तो भी उसकी तसल्ली (Confirmation) संस्थान से अवश्य कर लें। जो भी Cheque देवे उसमें पाने वाले का नाम ''तारा संस्थान, उदयपुर'' (Tara Sansthan, Udaipur) ही लिखें। हम मानते हैं कि आमतौर पर लोग अच्छे होते है लेकिन जो भी लोग दान करते हैं उनकी मेहनत की कमाई तो है ही लेकिन उससे बहुत ज्यादा बड़ी उनकी भावना है और आप यदि थोड़ी सी सावधानी रखेंगे तो कोई भी आपकी भावनाओं को ठेस नहीं पहुँचा पाएगा।

आशा है आप हमारी सोच को समझेंगे।

आदर सहित.....

**दीपेश मित्तल**

# 60 वर्ष से ऊपर के युवाओं हेतु एक शानदार फैशन शो!



10 अप्रैल, 2016 वरिष्ठ नागरिकों का दिन रहा। दिल्ली, मुंबई, सूरत, इंदौर, कानपुर और रोहतक आदि से 60 वर्ष से अधिक उम्र के दर्जनों ''युवा'' लोगों ने विभिन्न प्रकार की रंगीन वेशभूषा व परिधान में एक शानदार फैशन शो में भाग लिया। जब वे रैंप पर टोपी और चश्मा पहने और अपने हाथों में गुलाब लिए थे तो ऐसा लग रहा था जैसे समय रुक सा गया था। ये वे दानदाता थे जो नियमित रूप से तारा संस्थान को सहयोग करते हैं। आनंद वृद्धाश्रम के वरिष्ठ निवासियों ने "द लेजेंड्स ऑफ इंडिया'' नामक एक विशेष शो प्रस्तुत किया जिसमें मशहूर हस्तियों जैसे कि महात्मा गांधी, नरेंद्र मोदी, आशा भोसले और मैरी कॉम जैसे प्रसिद्ध व्यक्तियों के रूप में स्टेज पर उतरे। कुल मिलाकर 200 से ज्यादा लोगों के शो का आनंद लिया। उन्हें लगा जैसे वे अपनी युवावस्था में लौट आए हों।

# तारा नेत्रालय, उदयपुर की सेवाएं अब और भी त्वरित



तारा संस्थान अंतर्गत तारा नेत्रालय में निःशुल्क नेत्र जांच व मोतियाबिंद ऑपरेशन की सेवाएँ अब और भी त्वरित होगी। तारा नेत्रालय, उदयपुर में नेत्र जाँच तथा निदान में अब ज्यादा वक्त नहीं लगेगा क्योंकि अब यहाँ पर नेत्र–विशेषज्ञों (डॉक्टर) तथा ऑप्टोमेट्रिस्ट की टीम संख्या बढ़कर क्रमशः 4 व 6 हो गयी है। **ऊपर के चित्र में ( बाएँ से दाएँ ) : डॉ. लीना दवे, डॉ. जी.एल. कुमावत, नए ज्वाइनी डॉ. स्वाती जैन तथा डॉ. सुबोध सर्राफ।**



क्रोध और असहिष्णुता सही समझ के दुश्मन हैं।

# तारा संस्थान के कार्यकाल के 5 रोशन वर्ष




तारा संस्थान के कार्यकाल के 5 रोशन वर्ष संपन्न होने के उपलक्ष्य में एक गीत–संगीत भरी शाम का आयोजन किया गया। इसमें तारा परिवार के सदस्यों सहित आनंद वृद्धाश्रम के आवासियों ने भी जोश–खरोश से भाग लिया।





5 वर्षों के सफर में तारा संस्थान, उदयपुर ने एक अस्पताल तारा नेत्रालय, उदयपुर से शुरुआत करके वर्तमान में दिल्ली, मुम्बई व फरीदाबाद में मिलाकर कुल 4 तारा नेत्रालय संचालित करता है। इसी प्रकार 25 बेड से प्रारंभ "आनंद वृद्धाश्रम", उदयपुर की क्षमता वर्तमान में लगभग 50 बेड हो गयी है। 21 नवम्बर, 2016 से एक अन्य वृद्धाश्रम इलाहाबाद में भी स्थापित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त उदयपुर में ही 150 बेड की क्षमता वाला एक नवीन वृद्धाश्रम का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। इन मुख्य प्रकल्पों के साथ–साथ पिछले 5 वर्षों में तारा संस्थान ने विधवा महिलाओं के बच्चों के शिक्षा हेतु "शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल" उदयपुर में स्थापित किया जिसमें 104 बच्चे पूर्णतया निःशुल्क शिक्षा पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त कम उम्र की विधवाओं को संबल देने हेतु 1000 रु. मासिक पेंशन "गौरी योजना" के तहत दी जाती है। इसी प्रकार निःसहाय वृद्धजनों के द्वार मासिक खाद्य सामग्री संस्थान की "तृप्ति योजना" के अंतर्गत की जाती है।





# झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों हेतु "मस्ती की पाठशाला"



उदयपुर शहर की कच्ची बस्ती के वह बच्चे जो स्कूल न जाकर, सड़कों पर कचरा वगैरह बीन कर अपने माँ–बाप की सहायता करते हैं उनके उत्थान के लिए तारा संस्थान ने बीड़ा उठाया और उनको बुनियादी शिक्षा स्वास्थ्य व संस्कार प्रदान करने हेतु एक विशेष पाठशाला जुलाई, 2016 से प्रारम्भ की। यहाँ प्रतिदिन सोम से शनि तक शाम 4 से 6 बजे तक कक्षाएँ लगाई जाती हैं जिनमें आस–पास की बस्तियों के बच्चे भाग लेते हैं। इन कक्षाओं में प्राथमिक शिक्षा के अतिरिक्त नृत्य और खेल आदि भी होता है साथ की साथ उन्हें नाश्ता व कुछ नकद राशि भी दी जाती है जिससे उनका मन लगा रहता है और सड़कों से कचरा न बीन पाने का अफसोस भी नहीं होता है। 1 जुलाई, 2016 से प्रारम्भ हुए इस मस्ती की पाठशाला में लगभग 50 बच्चे मजे से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

सितम्बर, 2016

# तारा संस्थान का चौथा नेत्रालय फरीदाबाद (हरियाणा) में






**तारा संस्थान का चौथा नेत्रालय फरीदाबाद ( हरियाणा ) में:** गौरतलब है कि तारा संस्थान के "तारा नेत्रालय" उदयपुर, दिल्ली व मुम्बई में पहले से ही संचालित हैं। अब एक और, दिनांक 15 सितम्बर, 2016 से। **ऊपर चित्र में : ( बाएँ से दाएँ ) तारा संस्थान के मुख्य संरक्षक श्री एन.पी. भार्गव, उद्घाटनकर्त्ता मुख्य अतिथि श्री कृष्णपाल गुर्जर, मंत्री, भारत सरकार तथा परम विशिष्ट अतिथि श्रीमती सीमा त्रिखा, मुख्य संसदीय सचिव ( हरि. )।**



जो भी चाहे अपनी अंतरात्मा की आवाज सुन सकता है, वह सबके भीतर है।

# आनन्द वृद्धाश्रम के नवीन परिसर हेतु भूमि पूजन




दिः 11 अक्टूबर, 2016 को तारा परिवार व उनके 100 से अधिक दान-दाता और मेहमान एकत्र हुए और उदयपुर के सेक्टर -14 क्षेत्र में भूमि स्थल पर "भूमि पूजन" समारोह में भाग लिया। इस शुभ अवसर पर वहाँ मौजूद आनंद वृद्धाश्रम-वासी भी नयी इमारत के निकट भविष्य में निर्माण होने की संभावना पर बहुत खुश थे। पूरे भारत से आए तारा संस्थान के शुभ चिंतकों और दानदाताओं ने इस परियोजना को मुक्त-हस्त योगदान की घोषणाएँ कीं।

## भूमि दान दाताओं की सूची

**भूमि सेवा रत्न 1,00,000 रु.** **भूमि सेवा मनीषी 51,000 रु.** **भूमि सेवा भूषण 21,000 रु.**

### भूमि सेवा भूषण

♦ श्री राव जी भाई एम. जेतानी, मुम्बई (महा.) ♦ श्री राम नारायण जी शर्मा, जयपुर (राज.) ♦ श्री कैलाश प्रसाद जी खण्डेलवाल, आगरा (यू.पी.) ♦ श्री राम अवतार जी अग्रवाल, जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.) ♦ श्री गोपाल सिंह जी संगा, अलमोरा (यू.के.) ♦ श्री ब्रजेश चन्द गुप्ता, आगरा (यू.पी.) ♦ श्री निर्मल जी, श्री भगवान दास जी गुप्ता, दिल्ली ♦

## वर्ष 2016-17 में आनन्द वृद्धाश्रम में आए नए मेहमान


श्री राजेन्द्र श्रीवास्तव


श्री नारायण खत्री


श्रीमती गीता देवी


श्री मोहन जी


श्रीमती बंसती देवी


श्री राम सेवक


श्रीमती कौशल्या देवी


श्रीमती तारा हामद


श्रीमती कल्पना दाधिच


श्री सुधीर कर्मकार


श्री कैलाश चन्द्र जी


श्रीमती कृष्णा पंचोरी


श्री जगदीश चौबे


श्रीमती निर्मला चौबे


श्री मांगी सोनी


श्री दिगम्बर जैन

# तारा नेत्रालय, उदयपुर द्वारा रिकॉर्ड 15000 मोतियाबिन्द ऑपरेशन




तारा नेत्रालय, उदयपुर ने इस माह 1 नवम्बर, 2016 को रिकॉर्ड 15000 (पंद्रह हजार) मोतियाबिन्द ऑपरेशन सफलतापूर्वक सम्पन्न किये। इस अवसर पर एक सादे समारोह में नेत्रालय के चारों चिकित्सक, ऑप्टोमेट्रिस्ट व नर्सिंग स्टाफ व मैनेजमेंट का सम्मान किया गया।

# रवीन्द्र नाथ गौड़ आनन्द वृद्धाश्रम, इलाहाबाद का शुभारम्भ



आनन्द वृद्धाश्रम, उदयपुर के अतिरिक्त तारा संस्थान द्वारा अब एक और वृद्धाश्रम इलाहाबाद में संचालित किया जा रहा है। दिनांक 21 नवम्बर, 2016 को इलाहाबाद के टैगोर टाउन स्थित ''रवीन्द्र नाथ गौड़ आनन्द वृद्धाश्रम'' का विधिवत उद्घाटन किया गया।

# तारा संस्थान में विशिष्ट अतिथियों का आगमन




दिनांक 5 दिसम्बर, 2016 को **''मारुति ट्रस्ट'', यू.के. के श्री बच्चू भाई कोटेचा तथा श्रीमती रंजना बेन** तारा संस्थान के दौरे पर आए। मारुति ट्रस्ट ने यहाँ तारा नेत्रालय, उदयपुर में एक कैम्प प्रायोजित किया। अतिथिगणों ने अस्पताल का दौरा किया व मरीजों से कुशलक्षेम पूछी। तत्पश्चात वह दोनों आनन्द वृद्धाश्रम गए जहाँ रह रहे वृद्धजनों के साथ समय बिताया। इससे एक दिन पूर्व ही ट्रस्ट की ओर से गाँव गुडेल में जरूरतमंदों को स्वेटर और कम्बल वितरण का आयोजन रखा गया।



**श्री रमण भाई के नेतृत्व में भारत वेलफेयर ट्रस्ट, यू.के.** से 10 लोगों के समूह ने दि. 21 दिसम्बर, 2016 को तारा संस्थान, उदयपुर का दौरा किया। सर्वप्रथम उन्होंने तारा नेत्रालय में उपलब्ध सुविधाएँ देखी। मरीजों से बात की फिर वे सब लोगों आनन्द वृद्धाश्रम गए जहाँ के आश्रितों से उन्होंने बातचीत की। श्री रमण भाई ने बाद में बताया कि उन्होंने तारा संस्थान के कल्याण कारी कार्यों के बारे में सिर्फ पढ़ा–सुना ही था परन्तु अब स्वयं अपनी आँखों से देखकर निश्चित ही विश्वास मजबूत हुआ है कि तारा संस्थान सचमुच बहुत प्रशंसनीय कार्य कर रहा है।

# हमारे मुख्य संरक्षक श्री एन.पी. भार्गव सा. शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल में।



दि. 22 दिसम्बर, 2016 को तारा संस्थान के मुख्य संरक्षक श्री एन.पी. भार्गव सा. सपरिवार उदयपुर पधारे। सर्वप्रथम उन्होंने शाम को शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर (जो कि उन्हीं के स्व. सुपुत्र की स्मृति में संचालित है) के वार्षिकोत्सव में भाग लिया। अगले दिन वे तारा संस्थान, उदयपुर के दौरे पर आए फिर संस्थान में विधवा महिलाओं से मुलाकात कर उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उसके पश्चात् वे शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल में एक विज्ञान प्रदर्शनी देखने गए जहाँ बच्चों के द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्टों की भरपूर प्रशंसा की।

# आनन्द वृद्धाश्रम का 5वां स्थापना दिवस




दि. 3 फरवरी, 2017 को तारा संस्थान द्वारा संचालित आनन्द वृद्धाश्रम का 5वां स्थापना दिवस होने के उपलक्ष्य में एक रंगारंग भजन–संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भजन मण्डली द्वारा अनेकानेक मनभावन प्रस्तुतियाँ दी गईं जिन पर श्रोतागण झूम उठे। कार्यक्रम में तारा परिवार सदस्यों, तारा संस्थान की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लोगों, तथा आनन्द वृद्धाश्रमवासियों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती दीप्ति मिस्त्री (अपने माता–पिता के साथ) मुख्यकार्यकारी भारत वेलफेयर ट्रस्ट, यू.के. थी। इस संध्या की एक विशेषता यह थी कि इसे यू.के. व समस्त यूरोप के श्रोताओं हेतु आस्था इंटरनेशनल द्वारा "लाईव" प्रसारित किया गया। संध्या का समापन तारा संस्थान द्वारा विभिन्न प्रतिभागियों के सम्मानीकरण के साथ हुआ।

## तारा नेत्रालय, मुम्बई द्वारा 5000 मोतियाबिन्द ऑपरेशन सफलता पूर्वक सम्पन्न।



28 फरवरी, 2017 को तारा नेत्रालय, मुम्बई ने 5000 मोतियाबिन्द ऑपरेशन सफलता पूर्वक सम्पन्न किए। इस अवसर डॉ. हितैष नेत्रावली ने अपने सहयोगी स्टाफ के साथ केक काटकर आपस में खुशियाँ बांटी। **बाएँ चित्र में : तारा नेत्रालय, मुम्बई सेलिब्रेट करते हुए।**



## कोशिश कर

कोशिश कर, हल निकलेगा।
आज नही तो, कल निकलेगा।
अर्जुन के तीर सा सध,
मरूस्थल से भी जल निकलेगा।।
मेहनत कर, पौधो को पानी दे,
बंजर जमीन से भी फल निकलेगा।
ताकत जुटा, हिम्मत को आग दे,
फौलाद का भी बल निकलेगा।
जिन्दा रख, दिल में उम्मीदों को,
गरल के समन्दर से भी गंगाजल निकलेगा।
कोशिशें जारी रख कुछ कर गुजरने की,
जो है आज थमा थमा सा, चल निकलेगा।।



सत्य बिना जन समर्थन के भी खड़ा रहता है, वह आत्मनिर्भर है।

# तारा संस्थान के संरक्षक श्री रमेश सचदेवा (उद्योगपति व समाज सेवी, नई दिल्ली) सपरिवार तारा संस्थान के दौरे पर

22 मार्च, 2017 को दिल्ली के जाने–माने उद्योगपति, समाजसेवी तथा तारा संस्थान के संरक्षक श्री रमेश जी सचदेवा अपनी धर्मपत्नी श्रीमती शमा सचदेवा सपरिवार तारा संस्थान के दौरे पर आए। यहाँ तारा नेत्रालय तथा आनन्द वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया एवं तत्पश्चात उदयपुर व आसपास के दर्शनीय स्थलों के भ्रमण पर निकल गए।



Rotary Club of Delhi Midtown

# दिल्ली मिडटाउन रोटरी सर्विस फाउण्डेशन द्वारा शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर के वंचित वर्ग के 4 विद्यार्थियों के खर्च उठाने का संकल्प



श्री एन.पी. भार्गव, संरक्षक, तारा संस्थान



दिल्ली मिडटाउन रोटरी सर्विस फाउण्डेशन ने वर्ष 2017–18 से शिखर भार्गव पब्लिक स्कूल, उदयपुर के 4 वंचित वर्ग से किन्तु होनहार विद्यार्थियों की 5 साल तक लगातार शिक्षा का खर्च उठाने की जिम्मेदारी ली है। इस शुभ एवं कल्याणकारी कदम से वंचित वर्ग के विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति एक नई अलख जगेगी, ऐसा विश्वास है। तारा संस्थान, उदयपुर दिल्ली मिडटाउन रोटरी सर्विस फाउण्डेशन, दिल्ली को उनके प्रशंसनीय सहयोग हेतु कोटिशः धन्यवाद अर्पित करता है साथ ही साथ श्री एन.पी. भार्गव सा. (संरक्षक, तारा संस्थान, जिनके प्रयास से यह कार्य संभव हुआ है) का बहुत–बहुत आभार।

# जन्मजात मोतियाबिन्द ग्रसित बालक का सफल ऑपरेशन

**श्यामलाल गरासिया** नामक 10 वर्षीय बालक जन्म से ही मोतियाबिन्द ग्रसित था। माता के रोगों की वजह, गर्भावस्था में उचित खान–पान नहीं मिलने अथवा सार–सम्भाल न होने की वजह से बच्चे को यह बीमारी हो जाती है। श्यामलाल को जन्म से ही दोनों आँखों में नहीं के बराबर दिखता था। बड़े होने पर यह जटिलता और बढ़ गई। इसके माता पिता ग्रामीण हैं एवं मजदूरी करते हैं। जब बालक की अवस्था बिगड़ने लगी तो उन्होंने कई उन्होंने कई डॉक्टरों को दिखाया पर सबने इलाज में असमर्थता जाहिर की। इसके अलावा आर्थिक तंगी भी थी। जब इनके एक रिश्तेदार ने तारा नेत्रालय, उदयपुर भेजा तो यहाँ पर डॉ. सुबोध सर्राफ ने कई टेस्ट करवाए और आखिरकार ऑपरेशन का निर्णय लिया। और 6 अप्रैल, 2016 को एक आँख का ऑपरेशन सफलतापूर्णक किया गया। दूसरी आँख का ऑपरेशन भी कुछ समय पश्चात किया जाएगा। **ग्रामीण मजदूर माता पिता तारा संस्थान के दानदाताओं के अति कृतज्ञ हैं।**



# मोतियाबिन्द जाँच - ऑपरेशन हेतु चयन शिविर

तारा संस्थान द्वारा निर्धन वृद्ध बन्धुओं की आँखों में सामान्यतः पाये जाने वाले मोतियाबिन्द के निदान और ऑपरेशन हेतु चयन के लिए शिविर आयोजित किये जाते हैं। दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं की स्थिति अधिक ही पीड़ादायक है, क्योंकि प्रथम तो उन्हें मोतियाबिन्द–ऑपरेशन की सुविधा आसानी से उपलब्ध नहीं है एवं द्वितीय, निर्धनता उनकी चिकित्सा में बड़ा अवरोधक है। तारा संस्थान ने ऐसे निर्धन बन्धुओं की जाँच हेतु शिविर लगाने एवं चयनित मोतियाबिन्द ग्रस्त बन्धुओं के शिविर स्थल के निकटवर्ती कस्बे या शहर में स्थित अधुनातन सुविधाओं से सम्पन्न नेत्र चिकित्सालयों या संस्थान के उदयपुर, दिल्ली व मुम्बई स्थित 'तारा नेत्रालय' में सर्वथा निःशुल्क ऑपरेशन करवाने का कार्य प्रारंभ किया है। निःशुल्क सुविधाओं में मोतियाबिन्द की जाँच, दवाइयाँ, लेंस, ऑपरेशन, चश्मे, रोगियों का परिवहन, भोजन तथा देखभाल आदि सम्मिलित है।

## दानदाताओं के सौजन्य से माह अप्रैल – 2017 के मध्य आयोजित शिविरों का संक्षिप्त विवरण

### तारा नेत्रालय, दिल्ली में आयोजित शिविर

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 17.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 190 | 25 | 69 | 106 |

### तारा नेत्रालय, मुम्बई में आयोजित शिविर

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 06.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 67 | 07 | 23 | 20 |
| 20.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 64 | 06 | 12 | 14 |
| 25.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 62 | 05 | 09 | 16 |

### तारा नेत्रालय, फरीदाबाद में आयोजित शिविर

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 08.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 97 | 08 | 29 | 49 |
| 15.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 122 | 11 | 34 | 52 |
| 22.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | 90 | 10 | 31 | 46 |



स्व. श्री पोण्टी चड्डा

### स्व. सरदार कुलबन्त सिंह चड्डा की प्रेरणा से "The Ponty Chaddha Foundation" के सौजन्य से आयोजित शिविर



| शिविर दिनांक | स्थान | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|
| 02.04.2017 | अधिवक्ता भवन, अतरौली तहसील परिसर, अतरौली, अलीगढ़ ( उ.प्र. ) | 1123 | 90 | 567 | 1090 |
| 16.04.2017 | सचखण्ड नानक धाम ( रजि. ), गुरुद्वारा रोड, इन्द्रापुरी, लोनी, गजियाबाद | 824 | 55 | 368 | 790 |

इस शिविरों में चयनित सभी रोगियों के तारा नेत्रालय, दिल्ली एवं मुम्बई में निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन करवाए गए हैं।

मानवीय सेवा सौजन्य के लिए तारा संस्थान, उदयपुर, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवम् वेव इन्फ्राटेक, दिल्ली के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है एवं स्व. सरदार कुलबन्त सिंह चड्डा के प्रति हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

# अन्य दानदाताओं के सौजन्य से देशभर में आयोजित शिविरों की झलकियाँ

| शिविर दिनांक | सौजन्यकर्त्ता | स्थान | ओ.पी.डी. | चयनित रोगी | चश्मे | दवाई |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 02.04.2017 | जय श्री कृष्णा | मावली, उदयपुर | 276 | 20 | 104 | 227 |
| 02.04.2017 | कॉन्टिनेंटल मिल्कोज (इंडिया) लि., नई दिल्ली | गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) | 1024 | 22 | 368 | 613 |
| 02.04.2017 | श्रीमती स्वर्ण जैन - श्री हंसराज जैन | समयपुर, दिल्ली | 1128 | 27 | 504 | 959 |
| 02.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | दहीसर (ई.), मुम्बई | 235 | 11 | 140 | 102 |
| 03.04.2017 | श्रीमती सुषमा जैन - श्री सत्यभूषण जैन, दिल्ली | मुरादनगर (यू.पी.) | 845 | 22 | 469 | 793 |
| 04.04.2017 | जय श्री कृष्णा | सवना, उदयपुर | 264 | 17 | 128 | 213 |
| 04.04.2017 | अग्रवाल एसोसिएशन प्रमोटर्स लि. | गाजियाबाद (यू.पी.) | 522 | 9 | 267 | 489 |
| 05.04.2017 | जय श्री कृष्णा | मावली, उदयपुर | 298 | 19 | 134 | 262 |
| 07.04.2017 | जय श्री कृष्णा | लसाड़िया, उदयपुर | 316 | 27 | 207 | 281 |
| 08.04.2017 | जय श्री कृष्णा | सुल्तानपुरी, दिल्ली | 789 | 18 | 353 | 721 |
| 09.04.2017 | जय श्री कृष्णा | रेलमगरा, राजसमन्द | 307 | 21 | 187 | 259 |
| 09.04.2017 | जय श्री कृष्णा | रानी बाग, दिल्ली | 1116 | 16 | 478 | 980 |
| 09.04.2017 | केन्ट मिनरल आर.ओ. | लोनी, गाजियाबाद (यू.पी.) | 748 | 23 | 354 | 711 |
| 09.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | कांदिवली (ई.), मुम्बई | 340 | 26 | 165 | 180 |
| 09.04.2017 | नवल किशोर जी गुप्ता | मुजेसर, फरीदाबाद (हरि.) | 320 | 18 | 178 | 288 |
| 10.04.2017 | श्री रामचन्द्र जी जैन, सेमारी, उदयपुर | सेमारी, उदयपुर | 218 | 17 | 69 | 146 |
| 12.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | त्रिनगर, दिल्ली | 350 | 11 | 170 | 321 |
| 12.04.2017 | जय श्री कृष्णा | तुगलकाबाद, दिल्ली | 977 | 19 | 438 | 819 |
| 16.04.2017 | भारत विकास परिषद, राजसमन्द | कांकरोली, राजसमन्द | 250 | 15 | 104 | 176 |
| 16.04.2017 | जिला अन्धता निवारण समिति उदयपुर द्वारा | नन्द भवन, उदयपुर | 154 | 10 | 87 | 123 |
| 16.04.2017 | श्री शांतिलाल जैन, श्री संजय जैन, श्री अनिल जैन | नारायणा, नई दिल्ली | 570 | 19 | 280 | 523 |
| 16.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | बोरीवली (वे.), मुम्बई | 260 | 11 | 170 | 150 |
| 17.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | वल्लभनगर, उदयपुर | 178 | 16 | 56 | 119 |
| 17.04.2017 | जय श्री कृष्णा | नांगलोई, दिल्ली | 1078 | 28 | 472 | 968 |
| 18.04.2017 | वर्धमान प्लाजा | नेहरु पैलेस, नई दिल्ली | 1022 | 26 | 520 | 946 |
| 20.04.2017 | जय श्री कृष्णा | सुल्तानपुरी, दिल्ली | 988 | 19 | 403 | 845 |
| 23.04.2017 | श्री अतुल पुत्र श्री गोपी किशन सराफ, गोरखपुर (यू.पी.) | फिला, उदयपुर | 184 | 18 | 36 | 126 |
| 23.04.2017 | जय श्री कृष्णा | हसनगढ़, रोहतक (हरि.) | 1365 | 31 | 570 | 1240 |
| 25.04.2017 | जय श्री कृष्णा | बुद्ध विहार, दिल्ली | 980 | 17 | 386 | 795 |
| 27.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | उत्तम नगर, नई दिल्ली | 270 | 5 | 156 | 232 |
| 28.04.2017 | जय श्री कृष्णा | बुद्ध विहार, दिल्ली | 1076 | 19 | 511 | 894 |
| 29.04.2017 | विजन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया | मीरा रोड (ई.), मुम्बई | 106 | 8 | 24 | 67 |
| 30.04.2017 | जय श्री कृष्णा | सुल्तानपुरी, दिल्ली | 988 | 24 | 465 | 812 |

# तारा संस्थान में पधारे अतिथि महानुभावों का स्वागत सम्मान



श्री बेला गोयल जी, दिल्ली



श्री एम.एल. सोलंकी, जोधपुर



श्रीमती कैलाश देवी परिहार
जगदीश चौक, उदयपुर



श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव, गुड़गाँव



श्रीमती रुमा बिरला एवं साथी, गुड़गाँव



श्री नहर मल जी सोनी, जोधपुर (राज.)



श्री भंवर लाल जी एवं साथी, बीकानेर (राज.)



श्री राजेन्द्र सिंह एवं परिजन, जोधपुर



श्री राजू जी अग्रवाल, दिल्ली

# "तारा परिवार का सौभाग्य कि आपने अभिनन्दन का अवसर प्रदान किया"



श्री रमेश भाई शाह एवं श्री विपिन भाई शाह
भावनगर (गुज.)




श्रीमती एवं श्री शिव कुमार जी बंसल
हैदराबाद



श्रीमती चन्द्रकांता एवं श्री महेश चन्द गहलोत
थाने (महा.)



श्रीमती एवं श्री चरनजीत आहुजा
बिलासपुर (छ.ग.)



श्री जय करण दास
अग्रवाल, हैदराबाद



श्री अमरनाथ जी रॉय
सांगारेड्डी (तेलंगाना)



श्रीमती सुषमा जैन
भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)



श्री महावीर प्रसाद जैन
औरंगाबाद



श्री दिनेश कुमार मिश्रा
भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)



श्री अजय कुमार झुनझुनवाला
पटना (बिहार)



श्री विजय कुमार जी
पटना (बिहार)



श्री ओम प्रकाश जी
बिलासपुर (छ.ग.)



भगवान का कोई धर्म नहीं है। - महात्मा गाँधी

Thanks

# NAME AND PLACE OF THE DONORS, WE ARE GRATEFUL TO THEM

Donors are requested kindly to send their photographs alongwith Donation for publishing in TARANSHU



Mr. Devi Das - Mrs. Shobhna Mukharjee
Udaipur (Raj.)

Mr. Suresh Jain - Mrs. Nilu Jain
Sikar (Raj.)

Mr. Raghunath Rad - Mrs. Santosh Devi Rad
Jeevanpura, Sikar (Raj.)

Mr. Satyanarayan Gupta - Mrs. Manju Devi
Neeka Ka Thana, Sikar (Raj.)

Mr. Ramesh Chand - Mrs. Sunita Jain
Jaipur (Raj.)



Mr. Nirmudas Patoh - Mrs. Shanta Patoh
Nagpur (MH)

Mr. Bal Krishna Daulatrao - Mrs. Indu Taai
Jumde, Nagpur (MH)

Mr. Narayan Ji - Mrs. Kalawati Ji Chanchani
Pune (MH)

Mr. Rajendra Datta - Mrs. Vidhya Saklana
Dehradun (U.K.)

Mr. Sankalp Jain - Mrs. Smarika Jain
Surat (Guj.)



Lt. Mr. Gendmal - Lt. Mrs. Sampat Devi Jain
Alwar (Raj.)

Lt. Mr. Subhash Chand - Mrs. Sheela Jain
Hapur

Mr. Dwarika Prasad - Mrs. Anguri Devi Sharma
Nadoti, Karauli (Raj.)

Mr. K.L. Nagori - Mrs. Dilkhush Nagori
Udaipur (Raj.)

Mr. Hari Prasad - Mrs. Gomati Devi Bajaj
Nokha, Bikaner (Raj.)




Mr. Kailash Chandra - Mrs. Sumitra Bagadi
Bikaner (Raj.)

Mr. Rajendra Pal - Mrs. Saroj Sharma
Alwar (Raj.)

Mr. Sampatraj - Mrs. Kusum Devi Singhvi
Barmer (Raj.)

Mr. Narayan Bhavsar - Mrs. Aruna Bhavsar
Kalwa - Thane (MH)

Mr. Mukesh Gupta - Mrs. Seema Gupta
Alwar (Raj.)



Lt. Mr. Naagaji Bhai Parbhat Bhai Vanjara
Rajkot (Guj.)

Mrs. Vidhyavanti Ahuja
Bilaspur (HP)

Miss Somya Jain
Bhilai, Durg (CG)

Mr. Mohit Jain
Bhilai, Durg (CG)


Mrs. Sukarma Bhardwaj
Khandaghat, Solan (HP)

Mr. Majer Jagdeep Singh
Jalandhar (PB)

Lt. Mrs. Chautho Devi
Joshi, Hoshiyarpur (PB)

Mr. Krishna Kanta
Dharmshala (HP)

Mrs. Khurbi Devi
Hamirpur (HP)



Mr. Shantilal Jain
Merta Road
Nagaur (Raj.)

Mrs. Kanchan Devi Jain
Merta Road
Nagaur (Raj.)

Mr. Diwan Chand Singla
Patiala (PB)

Sunita Kumari Gumarvi
Bilaspur (HP)

Miss. Manpreet Kaur
Sunam - Sangrur (PB)

Mrs. Hira Rani Singla
Sunam - Sangrur (PB)

Mr. Niwas Ji Singla
Sunam - Sangrur (PB)

Mrs. Parpati Gehimal
Shewaramani
Ahmedabad (Guj.)

Mr. Sohan Das Bairagi



Mr. Nemichand Kankria
(Balotra) Barmer (Raj.)

Mr. Radheshyam Rathi
Thane (W), Mumbai

Mr. Hiatanesh Rathi
Thane (W), Mumbai

Mrs. Jayshree Rathi
Rathi - Surat, Gujarat

Mr. Bhera Ram Prajapat
(Balotra) Barmer (Raj.)

Mr. Jagdish C. Shashtri
Gumarvi - Bilaspur (HP)

Mr. D.P. Bhatnagar
Gwalior (MP)

Mr. S. Balkishan Jhaver - Mrs. Mohini Devi Jhaver
Zaheerbad, Sangareddy
Telangana

## NAME AND PLACE OF THE DONORS, WE ARE GRATEFUL TO THEM

Donors are requested kindly to send their photographs alongwith Donation for publishing in TARANSHU


Mr. Ghanshyam - Mrs. Geeta Devi Garg
Jaipur (Raj.)


Mr. R.R. Gupta - Mrs. Mamta Gupta
Nagpur (MH)


Mr. Basant Ram Ji - Mrs. Krishna Devi
Bilaspur (HP)


Mr. Deepak Arora & Mr Punit Arora
Hindaun City, Karoli (Raj.)


Mr. Tejkaran S. Dodia
Mrs. Ramkanya Dodia, Beawar (Raj.


Mr. Ashish Soni - Mrs. Naina Devi
Balotra (Raj)


Mr. Jamnadas Ji Thakkar
Mrs. Laxmi Ben Jamnadas Thakkar
Kachchh-Bhuj (Guj)


Mr. Ramswaroop - Mrs. Darshana Gandhi
Karnal (HR)


Mr. Mahendra Raj - Mrs. Bharti Bhatia
Andheri (Mumbai)


Mr. Virendra Kumar - Mrs. Prem Sehgal
Karnal (HR)


Mr. Gajanand Sanghi - Mrs. Pushpa Sanghi
Hyderabad


Mr. Ramesh Chandra Gupta
Mrs. Sita Khandewal
Jaipur (Raj.)


Mr. Hasmukh Bhai Nagaji Bhai Vanjara
Mrs. Nimisha Ben Vanjara
Rajkot (Guj.)


Mr. Tej Prakash Jain - Mrs. Raj Rani Jain
Jaipur (Raj.)


Mr. Som Dutt Saini - Mrs. Saroj Devi Saini
Karnal (HR)


Mrs. Savitri Vijayavargia
Jaipur (Raj.)


Mr. Jai Shiv Gupta
Alwar (Raj.)


Mrs. Mohan Kanwar
Bikaner (Raj.)


Mr. Rajendra K. Jangu
Bikaner (Raj.)


Mr. Badri Prasad Gupta
Kanpur (UP)


Mrs. Manu Tandan
Bareilly (UP)


Mrs. Janak Dulari
Ambala (HR)


Mr. Rameshwar Lal
Godara, Bikaner (Raj.)


Mr. Narayan Lal Meghwal
Parlu (Barmer), Raj.


Mr. Rajuram Jat
Bikaner (Raj.)


Mr. Mahendra Paal
Yamuna Nagar (HR)


Mr. Indra Chand Sharaswat
Bikaner (Raj.)


Mr. Rajkumar Bajaj
Surat (Guj.)


Mr. Rajkumar Rathi
(Balotra) Barmer (Raj.)


Mr. Pankaj Sharma
Bikaner (Raj.)


Mr. Narsing Raj Rajpurohit
(Balotra) Barmer (Raj.)


Mr. Shantilal K. Jain
Vile Parle, Mumbai


Miss Deeva Gupta
Bikaner (Raj.)

## कृपया आपश्री सहमति पत्र के साथ अपनी करुणा - सेवा भेजें

**आदरणीय अध्यक्ष महोदया,**

मैं (नाम) .................................................................... सहयोग मद/उपलक्ष्य में/स्मृति में ....................................................

संस्थान द्वारा संचालित सेवा कार्यों में रुपये .............................. का केश/चैक/डी.डी. नम्बर ...............................................

दिनांक ............................. से सहयोग भेजने की सहमति प्रदान करता / करती हूँ।

मेरा पता (नाम) ........................................................................ पिता (नाम) ...................................................

निवास पता ................................................................................................................................................

लेण्ड मार्क ........................................ जिला ........................ पिन कोड ................................ राज्य ..............................

फोन नम्बर घर/ ऑफिस ................................. मो.नं. ...................................... ई–मेल ...................................................

**तारा संस्थान, उदयपुर के नाम पर दान - सहयोग प्रदान करें।** हस्ताक्षर



पाप से घृणा करो, पापी से प्रेम करो।

## FCRA

Tara Sansthan is registered under Foreign Contribution Regulation Act (FCRA) with the Govt of India for receiving Donations from Foreign Countries VIDE Registration No. 125690108

### TARA NETRALAYA - Delhi

WZ-270, Village - Nawada, Opp. 720, Metro Pillar, Uttam Nagar, Delhi - 59
Phone No. 011-25357026, +91 9560626661

### TARA NETRALAYA - Mumbai

Unit No. 1408/7, 1st Floor, Israni Indl. Estate, Penkarpara, Nr. Dahisar Check-post, Meera Road, Thane - 401107 (M.S.) INDIA
Phone No. 022-28480001, +91 7821855753

### TARA NETRALAYA - Faridabad

Bhatia Sewak Samaj (Regd.), N.H. - 2, Block - D, N.I.T., Faridabad (Haryana) 121001
Phone No. 0129-4169898, +91 7821855758

## Area Specific Tara Sadhak

**Amit Sharma**
Area Delhi
Cell : 07821855747

**Sanjay Choubisa**
Area Delhi
Cell : 07821055717

**Gopal Gadri**
Area Delhi
Cell : 07821855741

**Bhanwar Devanda**
Area Noida, Ghaziabad
Cell : 07821855750

**Rameshwar Jat**
Area Gurgaon, Faridabad
Cell : 07821855758

**Kamal Didawania**
Area Chandigarh (HR)
Cell : 07821855756

**Ramesh Yogi**
Area Lucknow (UP)
Cell : 07821855739

**Narayan Sharma**
Area Hyderabad
Cell : 07821855746

**Vikas Chaurasia**
Area Jaipur (Raj.)
Cell : 09983560006

**Bharat Menaria**
Area Mumbai
Cell : 07821855755

**Suresh Kumar Lohar**
Area Mumbai
Cell : 07821855759

**Prakash Acharya**
Area Surat (Guj.)
Cell : 07821855726

**Kailash Prajapati**
Area Saurashtra (Guj.)
Cell : 07821855738

## 'Tara' Centre - Incharge

Shri S.N. Sharma
**Mumbai**
Cell : 09869686830

Smt. Rani Dulani
10-B/B, Viceroy Park, Thakur Village,
**Kandiwali (W), Mumbai** - 400 101, Cell : 09029643708

Shri Pawan Sureka Ji
**Madhubani (Bihar)**
Cell : 09430085130

Shri Satyanarayan Agrawal
**Kolkata**
Cell : 09339101002

Shri Bajrang Ji Bansal
**Kharsia (CG)**
Cell : 09329817446

Smt. Pooja Jain
**Saharanpur (UP)**
Cell : 09411080614

Shri Naval Kishor Ji Gupta
**Faridabad (HR.)**
Cell : 09873722657

Shri Anil Vishvnath Godbole
**Ujjain (MP)**
Cell : 09424506021

Shri Vishnu Sharan Saxena
**Bhopal (M.P.)**
Cell : 09425050136, 08821825087

Lt. Col. A.V.N. Sinha
**Lucknow**
Cell : 09598367090

Shri Dinesh Taneja
**Bareilly (UP)**
Cell : 09412287735

**Donors Kindly NOTE**

It you do not get any response from any of the above mentioned Mob. numbers,
Kindly inform us at Mobile No. 09549399993 and / or 09649399993

## INCOME TAX EXEMPTION ON DONATIONS

Donations to Tara Sansthan are TAX-EXEMPT under section 80G of I.T. Act. 1961 at the rate of 50%

Donation to Tara Sansthan may be sent by cheque/draft drawn in favor of Tara Sansthan, payable at Udaipur, OR may be remitted direct into any of the following Bank Accounts, with caopy of pay-in-slip and Donor's address to Tara Sansthan, Udaipur for expediting Donation Acknowledgment Receipt

### Tara Sansthan Bank Account

| | | |
|---|---|---|
| ICICI Bank (Madhuban) | A/c No. 004501021965 | IFSC Code : icic0000045 |
| State Bank of India | A/c No. 31840870750. | IFSC Code : sbin0011406 |
| IDBI Bank | A/c No. 1166104000009645 | IFSC Code : IBKL0001166 |
| Axis Bank | A/c No. 912010025408491 | IFSC Code : utib0000097 |
| HDFC | A/c No. 12731450000426 | IFSC Code : hdfc0001273 |
| Canara Bank | A/c No. 0169101056462 | IFSC Code : cnrb0000169 |
| Central Bank of India | A/c No. 3309973967 | IFSC Code : cbin0283505 |
| Punjab National Bank | A/c No. 8743000100004834 | IFSC Code : punb0874300 |

For online donations - kindly visit - www.tarasansthan.org **Pan Card No. Tara - AABTT8858J**

तारांशु ( हिन्दी - अंग्रेजी ) मासिक, मई - 2017
प्रेषण तिथि - 11-18 प्रति माह
प्रेषण कार्यालय का पता : मुख्य डाकघर, चेतक सर्कल, उदयपुर
समाचार पत्र पंजीयन सं. : RAJBIL/2011/42978
डाक पंजीयन क्र. : आर.जे./यू.डी./29-102/2015-2017
मुद्रण तिथि : 9 प्रतिमाह

## तारा संस्थान के नि:शुल्क मानवीय सेवा प्रकल्प, आपसे प्रार्थित अपेक्षित सहयोग -सौजन्य राशि

### नेत्र चिकित्सा सेवा ( मोतियाबिन्द ऑपरेशन )

17 ऑपरेशन - 51000 रु., 09 ऑपरेशन - 27000 रु., 06 ऑपरेशन - 18000 रु., 03 ऑपरेशन - 9000 रु., 01 ऑपरेशन - 3000 रु.

### नेत्र शिविर सौजन्य

मोतियाबिन्द जाँच-चयन-शिविर आयोजन एवं 30 ऑपरेशन सहयोग सौजन्य, प्रति शिविर - 151000 रु.
चश्मा जाँच - चश्मा वितरण - दवाई सहयोग राशि, प्रतिशिविर - 21000 रु.

| तृप्ति योजना सेवा ( प्रति बुजुर्ग खाद्य सामग्री सहायता ) | गौरी योजना सेवा ( प्रति विधवा महिला सहायता ) | आनन्द वृद्धाश्रम सेवा ( प्रतिबुजुर्ग ) |
|---|---|---|
| 01 वर्ष - 18000 रु. | 01 वर्ष - 12000 रु. | 01 वर्ष - 60000 रु. |
| 06 माह - 9000 रु. | 06 माह - 6000 रु. | 06 माह - 30000 रु. |
| 01 माह - 1500 रु. | 01 माह - 1000 रु. | 01 माह - 5000 रु. |

11000 रु. की संचित राशि से वृद्धाश्रम वासियों को हर साल एक निश्चित दिवस पर भोजन करवाएँ।

एक विधवा महिला के बच्चे की शिक्षा हेतु वार्षिक सहयोग - 12000 रु.

सहयोग राशि - आजीवन संरक्षक 21000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 2 मोतियाबिन्द ऑपरेशन,
आजीवन सदस्य 11000 रु., अर्जित ब्याज से दानदाता के नाम से इच्छित दिनांक को प्रतिवर्ष 1 मोतियाबिन्द ऑपरेशन ( संचितनिधि में )

दान पर आयकर में छूट : तारा संस्थान को दिया गया दान आयकर अधिनियम 1961 की धारा 80G के अन्तर्गत आयकर में 50% छूट योग्य मान्य है।

निवेदन : कृपया अपना दान - सहयोग नकद या 'तारा संस्थान, उदयपुर' के पक्ष में देय चैक/ड्राफ्ट द्वारा संस्थान के पते पर प्रेषित करने का कष्ट करें, अथवा : अपना दान सहयोग तारा संस्थान के निम्नांकित किसी बैंक खाते में जमा करवा कर 'पे-इन-स्लिप' अपने पते सहित संस्थान को प्रेषित करें ताकि दान - सहयोग प्राप्ति रसीद आपको तत्काल भेजी जा सके।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ICICI Bank (Madhuban) A/c No. 004501021965 | IFSC Code : icic0000045 | HDFC A/c No. 12731450000426 | IFSC Code : hdfc0001273 |
| SBI A/c No. 31840870750 | IFSC Code : sbin0011406 | Canara Bank A/c No. 0169101056462 | IFSC Code : cnrb0000169 |
| IDBI Bank A/c No. 1166104000009645 | IFSC Code : IBKL0001166 | Central Bank of India A/c No. 3309973967 | IFSC Code : cbin0283505 |
| Axis Bank A/c No. 912010025408491 | IFSC Code : utib0000097 | PNB Bank A/c No. 8743000100004834 | IFSC Code : punb0874300 |

Pan Card No. Tara - AABTT8858J

'तारा' के सेवा प्रकल्पों का कृपया टी.वी. चैनल्स पर प्रसारण देखें :-

| पारस | आस्था भजन | आस्था |
|---|---|---|
| 'पारस' रात्रि 7:40 से 8:00 बजे | 'आस्था भजन' प्रातः 8:40 से 9:00 बजे | 'आस्था' रविवार दोपहर 2:30 बजे |

बुक पोस्ट

तारा संस्थान
बुजुर्गों के लिए...
डीडवाणिया ( रतनलाल ) नि:शक्तजन सेवा सदन
236, सेक्टर - 6, हिरण मगरी, उदयपुर ( राज. ) 313002
मो. +91 9549399993, +91 9649399993
Email : info@tarasansthan.org, donation@tarasansthan.org
Website : www.tarasansthan.org